जल भराव नहीं हुआ पूर्व तैयारी एवं तत्परता से

भिलाई नगर। मानसूनी बारिश एक हफ्ते से लगातार हो रही है। पिछले रात दिन से अधिक पानी गिर रहा है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार सभी जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, अपने–अपने क्षेत्र में अलर्ट थे । जहां से भी शिकायत मिली उसका निवारण तुरंत किया गया। आज प्रमुख रूप से अंजोरा रिंग रोड को क्रॉस कर दुर्ग निगम के कातुलबोर्ड से भिलाई के दीनदयाल कॉलोनी जूनवानी रोड पर घुस रहे पानी को मिट्टी के बाध बनाकर रोका गया। वार्ड क्रमांक 21 हाउसिंग बोर्ड कोहका भगवा चौक के पास जल भराव का जल निकासी किया करवाया गया। वार्ड क्रमांक दो स्मृति नगर में जल भरा हो गया था नाली को खुदवा कर पानी को निकासी करवाया गया। आकाशगंगा अंडर ब्रिज के पास पानी को पंप से बाहर निकलवाया गया। ईदू आईटी नाला के पास पानी भर रहा था उसे साफ कर कर ठीक किया गया। वार्ड क्रमांक 23 खदान पारा नहर को साफ किया गया। बैंक कॉलोनी सड़क नंबर 10 से 11 के बीच में पानी भर गया था पानी नहीं निकल रहा था उसे नाली बनकर निकल गया। इस प्रकार प्राप्त शिकायतों से त्वरित निराकरण करने से कहीं भी जल भराव नहीं हुआ है। नगर निगम भिलाई द्वारा पूर्व से ही प्रत्येक जोन में दो दो डीजल पंप खरीद कर रखा गया था जैसे ही कहीं पानी भराव के शिकायत मिली पंप लगाकर पानी निकल गया। निगम भिलाई क्षेत्र की स्थिति सब जगह सामान्य है ।कुछ निचली बस्तियों में बस्तियों में आधे घंटे का पानी था कच्ची नाली बनाकर एवं पंप से पानी निकाल कर साफ कर दिया गया । जहां भी नाल एवं नाली मे कचरा जाम हो गया था। साफ कर दिया गया पानी धीरे–धीरे निकल गया। महापौर नीरज पाल ने नगर निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि जल भराव संबंधी समस्या होने पर नगर निगम भिलाई के बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम 0788 229 4303 मैं कॉल करके सूचित करें संबंधी समस्या का निराकरण शीघ्र किया जाएगा ।